राजस्थान भारती प्रकाशन नं०

धर्मवर्द्धन ग्रन्थावली

सम्पादक —

अगरचंद नाहटा

प्रकाशक —

सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट
बीकानेर

प्रथम संस्करण　　संवत् २०१७　　मूल्य ५)

सेठ ब्रादर्स
७० - बी०, धर्मतल्ला स्ट्रीट
(कलकत्ता)

जिनसे सदा सहयोग व साहित्यक्षेत्र
में आगे बढ़ने की प्रेरणा
मिलती रही उन्हीं सौजन्य-
मूर्त्ति, विद्यामहोदधि,
राजस्थानी साहित्य
के महान्
सेवक

श्री नरोत्तमदासजी स्वामी

के
कर कमलों
में
सादर समर्पित

—अगरचंद नाहटा

प्रकाशकीय

श्री सादूल राजस्थानी रिसर्च-इन्स्टीट्यूट बीकानेर की स्थापना सन् १६४४ में बीकानेर राज्य के तत्कालीन प्रधान मन्त्री श्री के० एम० पणिक्कर महोदय की प्रेरणा से, साहित्यानुरागी बीकानेर-नरेश स्वर्गीय महाराजा श्री सादूलसिंहजी बहादुर द्वारा संस्कृत, हिन्दी एवं विशेषत: राजस्थानी साहित्य की सेवा तथा राजस्थानी भाषा के सर्वांङ्गीण विकास के लिये की गई थी।

भारतवर्ष के सुप्रसिद्ध विद्वानों एवं भाषाशास्त्रियों का सहयोग प्राप्त करने का सौभाग्य हमें प्रारम्भ से ही मिलता रहा है।

संस्था द्वारा विगत १६ वर्षों से बीकानेर में विभिन्न साहित्यिक प्रवृत्तियां चलाई जा रही हैं, जिनमें से निम्न प्रमुख है—

१. विशाल राजस्थानी-हिन्दी शब्दकोश

इस सम्बन्ध में विभिन्न स्रोतों से संस्था लगभग दो लाख से अधिक शब्दों का संकलन कर चुकी है। इसका सम्पादन आधुनिक कोशों के ढंग पर, लंबे समय से प्रारम्भ कर दिया गया है और अब तक लगभग तीस हजार शब्द सम्पादित हो चुके हैं। कोश में शब्द, व्याकरण, व्युत्पत्ति, उसके अर्थ और उदाहरण आदि अनेक महत्वपूर्ण सूचनाएं दी गई हैं। यह एक अत्यन्त विशाल योजना है, जिसकी सन्तोषजनक क्रियान्विति के लिये प्रचुर द्रव्य और श्रम की आवश्यकता है। आशा है राजस्थान सरकार की ओर से, प्रार्थित द्रव्य-साहाय्य उपलब्ध होते ही निकट भविष्य में इसका प्रकाशन प्रारम्भ करना सम्भव हो सकेगा।

२. विशाल राजस्थानी मुहावरा कोश

राजस्थानी भाषा अपने विशाल शब्द भंडार के साथ मुहावरों से भी समृद्ध है। अनुमानत: पचास हजार से भी अधिक मुहावरे दैनिक प्रयोग में लाये जाते हैं। हमने लगभग दस हजार मुहावरों का, हिन्दी में अर्थ और राजस्थानी में उदाहरणों सहित प्रयोग देकर सम्पादन करवा लिया है और शीघ्र ही इसे प्रकाशित करने का प्रबन्ध किया जा रहा है। यह भी प्रचुर द्रव्य और श्रम-साध्य कार्य है।

यदि हम यह विशाल संग्रह साहित्य-जगत को दे सके तो यह संस्था के लिये ही नहीं किन्तु राजस्थानी और हिन्दी जगत के लिये भी एक गौरव की बात होगी।

३. आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का प्रकाशन

इसके अंतर्गत निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकीं हैं:—

१. कळायण, ऋतु काव्य। ले० श्री नानूराम संस्कर्ता।

२. आभै पटकी, प्रथम सामाजिक उपन्यास। ले० श्री श्रीलाल जोशी।

३. वरस गांठ, मौलिक कहानी संग्रह। ले० श्री मुरलीधर व्यास।

'राजस्थान-भारती' मे भी आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का एक अलग स्तम्भ है, जिसमें भी राजस्थानी कवितायें, कहानियां और रेखाचित्र आदि छपते रहते हैं।

४. 'राजस्थान-भारती' का प्रकाशन

इस विख्यात शोधपत्रिका का प्रकाशन संस्था के लिये गौरव की वस्तु है। गत १४ वर्षों से प्रकाशित इस पत्रिका की विद्वानो ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। बहुत चाहते हुए भी द्रव्याभाव, प्रेस की एवं अन्य कठिनाइयों के कारण, त्रैमासिक रूप से इसका प्रकाशन संभव नहीं हो सका है। इसका भाग ५ अंक ३-४ 'डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी विशेषांक' बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सामग्री से परिपूर्ण है। यह अंक एक विदेशी विद्वान की राजस्थानी साहित्य सेवा का एक बहुमूल्य सचित्र कोश है। पत्रिका का अगला ७वां भाग शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा हैं। इसका अंक १-२ राजस्थानी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि पृथ्वीराज राठोड़ का सचित्र और वृहत् विशेषांक हैं। अपने ढंग का यह एक ही प्रयत्न है।

पत्रिका की उपयोगिता और महत्व के संबंध में इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि इसके परिवर्तन में भारत एवं विदेशों से लगभग ८० पत्र-पत्रिकाएं हमें प्राप्त होती हैं। भारत के अतिरिक्त पाश्चात्य देशों में भी इसकी मांग है व इसके ग्राहक हैं। शोधकर्त्ताओं के लिये 'राजस्थान-भारती' अनिवार्यत: संग्रहणीय शोध-पत्रिका है। इसमें राजस्थानी भाषा, साहित्य, पुरातत्व, इतिहास, कला आदि पर लेखों के अतिरिक्त संस्था के तीन विशिष्ट सदस्य डा० दशरथ शर्मा, श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री अगरचंद नाहटा की वृहत् लेख सूची भी प्रकाशित की गई है।

५. राजस्थानी साहित्य के प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रन्थों का अनुसंधान, सम्पादन एवं प्रकाशन

हमारी साहित्य-निधि को प्राचीन, महत्वपूर्ण और श्रेष्ठ साहित्यिक कृतियों को सुरक्षित रखने एवं सर्वसुलभ कराने के लिये सुसम्पादित एवं शुद्ध रूप में मुद्रित करवा कर उचित मूल्य में वितरित करने की हमारी एक विशाल योजना है। संस्कृत, हिंदी और राजस्थानी के महत्वपूर्ण ग्रंथों का अनुसंधान और प्रकाशन संस्था के सदस्यों की ओर से निरंतर होता रहा है, जिसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है—

६. पृथ्वीराज रासो

पृथ्वीराज रासो के कई संस्करण प्रकाश में लाये गये हैं और उनमें से लघुतम संस्करण का सम्पादन करवा कर उसका कुछ अंश 'राजस्थान-भारती' में प्रकाशित किया गया है। रासो के विविध संस्करण और उसके ऐतिहासिक महत्व पर कई लेख राजस्थान-भारती में प्रकाशित हुए हैं।

७. राजस्थान के अज्ञात कवि जान (न्यामतखां) की ७५ रचनाओं की खोज की गई। जिसकी सर्वप्रथम जानकारी 'राजस्थान-भारती' के प्रथम अंक में प्रकाशित हुई है। उनका महत्वपूर्ण ऐतिहासिक 'काव्य क्यामरासा' तो प्रकाशित भी करवाया जा चुका है।

८. राजस्थान के जैन संस्कृत साहित्य का परिचय नामक एक निबंध राजस्थान-भारती में प्रकाशित किया जा चुका है।

९. मारवाड़ क्षेत्र के ५०० लोकगीतों का संग्रह किया जा चुका है। बीकानेर एवं जैसलमेर क्षेत्र के सैकड़ों लोकगीत, घूमर के लोकगीत, बाल लोकगीत, लोरियाँ, और लगभग ७०० लोक कथाएँ संग्रहीत की गई हैं। राजस्थानी कहावतों के दो भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। जीणमाता के गीत, पाबूजी के पवाड़े और राजा भरथरी आदि लोक काव्य सर्वप्रथम 'राजस्थान-भारती' में प्रकाशित किए गए हैं।

१०. बीकानेर राज्य के और जैसलमेर के अप्रकाशित अभिलेखों का विशाल संग्रह 'बीकानेर जैन लेख संग्रह' नामक वृहत् पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो चुका है।

११. जसवंत उद्योत, मुंहता नैणसी री ख्यात और अनोखी आन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथों का सम्पादन एवं प्रकाशन हो चुका हैं।

१२. जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी के सचिव कविवर उदयचन्द भंडारी की ४० रचनाओं का अनुसन्धान किया गया है और महाराजा मानसिंहजी की काव्य-साधना के सम्बन्ध में भी सबसे प्रथम 'राजस्थान भारती' में लेख प्रकाशित हुआ है।

१३. जैसलमेर के अप्रकाशित १०० शिलालेखों और 'भट्टि वंश प्रशस्ति' आदि अनेक अप्राप्य और अप्रकाशित ग्रंथ खोज-यात्रा करके प्राप्त किये गये हैं।

१४. बीकानेर के मस्तयोगी कवि ज्ञानसारजी के ग्रंथों का अनुसन्धान किया गया और ज्ञानसागर ग्रंथावली के नाम से एक ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान के महान विद्वान महोपाध्याय समयसुन्दर की ५६३ लघु रचनाओं का संग्रह प्रकाशित किया गया है।

१५. इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा—

(१) डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी, समयसुन्दर, पृथ्वीराज और लोकमान्य तिलक आदि साहित्य-सेवियों के निर्वाण-दिवस और जयन्तियां मनाई जाती हैं।

(२) साप्ताहिक साहित्य गोष्ठियों का आयोजन बहुत समय से किया जा रहा है, इसमें अनेकों महत्वपूर्ण निबंध, लेख, कविताएं और कहानियां आदि पढ़ी जाती हैं, जिससे अनेक विध नवीन साहित्य का निर्माण होता रहता है। विचार विमर्श के लिये गोष्ठियों तथा भाषणमालाओं आदि के भी समय-समय पर आयोजन किये जाते रहे हैं।

१६. बाहर से ख्याति प्राप्त विद्वानों को बुलाकर उनके भाषण करवाने का आयोजन भी किया जाता है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, डा० कैलाशनाथ काटजू, राय श्रीकृष्णदास, डा० जी० रामचन्द्रम्, डा० सत्यप्रकाश, डा० डब्लू० एलेन, डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डा० तिबेरिओ-तिबेरी आदि अनेक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानों के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण हो चुके हैं।

गत दो वर्षों से महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ आसन की स्थापना की गई है। दोनों वर्षों के आसन-अधिवेशनों के अभिभाषक क्रमशः राजस्थानी भाषा के प्रकाण्ड

विद्वान् श्री मनोहर शर्मा एम० ए०, बिसाऊ और पं० श्रीलालजी मिश्र एम० ए०, हूंडलोद थे।

इस प्रकार संस्था अपने १६ वर्षों के जीवनकाल में, संस्कृत, हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की निरंतर सेवा करती रही है। आर्थिक संकट से ग्रस्त इस संस्था के लिये यह सम्भव नहीं हो सका कि यह अपने कार्यक्रम को नियमित रूप से पूरा कर सकती, फिर भी यदा कदा लड़खड़ा कर गिरते पड़ते इसके कार्यकर्त्ताओं ने 'राजस्थान-भारती' का सम्पादन एवं प्रकाशन जारी रखा और यह प्रयास किया कि नाना प्रकार की बाधाओं के बावजूद भी साहित्य सेवा का कार्य निरंतर चलता रहे। यह ठीक है कि संस्था के पास अपना निजी भवन नहीं है, न अच्छा संदर्भ पुस्तकालय है, और न कार्यालय को सुचारु रूप से सम्पादित करने के समुचित साधन ही हैं; परन्तु साधनों के अभाव में भी संस्था के कार्यकर्त्ताओं ने साहित्य की जो मौन और एकान्त साधना की है वह प्रकाश में आने पर संस्था के गौरव को निश्चित ही बढ़ा सकने वाली होगी।

राजस्थानी-साहित्य-भंडार अत्यन्त विशाल है। अब तक इसका अत्यल्प अंश ही प्रकाश में आया है। प्राचीन भारतीय वाङ्मय के अलभ्य एवं अनर्घ रत्नों को प्रकाशित करके विद्वज्जनों और साहित्यिकों के समक्ष प्रस्तुत करना एवं उन्हें सुगमता से प्राप्त करना संस्था का लक्ष्य रहा है। हम अपनी इस लक्ष्य पूर्ति की ओर धीरे-धीरे किन्तु दृढ़ता के साथ अग्रसर हो रहे हैं।

यद्यपि अब तक पत्रिका तथा कतिपय पुस्तकों के अतिरिक्त अन्वेषण द्वारा प्राप्त अन्य महत्वपूर्ण सामग्री का प्रकाशन करा देना भी अभीष्ट था, परन्तु अर्थाभाव के कारण ऐसा किया जाना सम्भव नहीं हो सका। हर्ष की बात है कि भारत सरकार के वैज्ञानिक संशोध एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मन्त्रालय (Ministry of scientific Research and Cultural Affairs) ने अपनी आधुनिक भारतीय भाषाओं के विकास की योजना के अंतर्गत हमारे कार्यक्रम को स्वीकृत कर प्रकाशन के लिये १५०००) रु० इस मद में राजस्थान सरकार को दिये तथा राजस्थान सरकार द्वारा उतनी ही राशि अपनी ओर से मिलाकर कुल ३००००) तीस हजार की सहायता, राजस्थानी साहित्य के सम्पादन-प्रकाशना

हेतु इस संस्था को इस वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई है; जिससे इस वर्ष निम्नोक्त ३१ पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है।

१. राजस्थानी व्याकरण—	श्री नरोतमदास स्वामी
२. राजस्थानी गद्य का विकास (शोध प्रबंध)	डा० शिवस्वरूप शर्मा अचल
३. अचलदास खीची री वचनिका—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
४. हमीरायण—	श्री भंवरलाल नाहटा
५. पद्मिनी चरित्र चौपई—	,, ,, ,,
६. दलपत विलास—	श्री रावत सारस्वत
७. डिंगल गीत—	,, ,, ,,
८. पंवार वंश दर्पण—	डा० दशरथ शर्मा
९. पृथ्वीराज राठोड़ ग्रंथावली—	श्री नरोतमदास स्वामी और श्री बदरीप्रसाद साकरिया
१०. हरिरस—	श्री बदरीप्रसाद साकरिया
११. पीरदान लालस ग्रंथावली—	श्री अगरचंद नाहटा
१२. महादेव पार्वती वेलि—	श्री रावत सारस्वत
१३. सीताराम चौपई—	श्री अगरचंद नाहटा
१४. जैन रासादि संग्रह—	श्री अगरचंद नाहटा और डा० हरिवल्लभ भायाणी
१५. सदयवत्स वीर प्रबंध—	प्रो० मंजुलाल मजूमदार
१६. जिनराजसूरि कृतिकुसुमांजलि—	श्री भंवरलाल नाहटा
१७. विनयचंद कृतिकुसुमांजलि—	,, ,, ,,
१८. कविवर धर्मवर्द्धन ग्रंथावली—	श्री अगरचंद नाहटा
१९. राजस्थान रा दूहा—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२०. वीर रस रा दूहा—	,, ,, ,,
२१. राजस्थान के नीति दोहे—	श्री मोहनलाल पुरोहित
२२. राजस्थानी व्रत कथाएं—	,, ,, ,,
२३. राजस्थानी प्रेम कथाएं—	,, ,, ,,
२४. चंदायन—	श्री रावत सारस्वत

२५. मङ्गली—	श्री अगरचंद नहाटा और म:विनय सागर
२६. जिनहर्ष ग्रंथावली	श्री अगरचंद नाहटा
२७. राजस्थानी हस्त लिखित ग्रंथों का विवरण	,, ,,
२८. दम्पति विनोद	,, ,,
२९. हीयाली–राजस्थान का बुद्धिवर्धक साहित्य	,, ,,
३०. समयसुन्दर रासत्रय	श्री भंवरलाल नाहटा
३१. दुरसा आढा ग्रंथावली	श्री बदरीप्रसाद साकरिया

जैसलमेर ऐतिहासिक साघन संग्रह (संपा० डा० दशरथ शर्मा), ईशरदास ग्रंथावली (संपा० बदरीप्रसाद साकरिया), रामरासो (प्रो० गोवर्द्धन शर्मा), राजस्थानी जैन साहित्य (ले० श्री अगरचंद नाहटा), नागदमण (संपा० बदरीप्रसाद साकरिया) मुहावरा कोश (मुरलीधर व्यास) आदि ग्रंथों का संपादन हो चुका है परन्तु अर्थाभाव के कारण इनका प्रकाशन इस वर्ष नहीं हो रहा है।

हम आशा करते हैं कि कार्य की महत्ता एवं गुरुता को लक्ष्य में रखते हुए अगले वर्ष इससे भी अधिक सहायता हमें अवश्य प्राप्त हो सकेगी जिससे उपरोक्त संपादित तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथों का प्रकाशन संभव हो सकेगा।

इस सहायता के लिये हम भारत सरकार के शिक्षा विकास सचिवालय के आभारी हैं, जिन्होंने कृपा करके हमारी योजना को स्वीकृत किया और ग्रान्ट-इन-एड की रकम मंजूर की।

राजस्थान के मुख्य मंत्री माननीय मोहनलालजी सुखाड़िया, जो सौभाग्य से शिक्षा मन्त्री भी हैं और जो साहित्य की प्रगति एवं पुनरुद्धार के लिये पूर्ण सचेष्ट हैं, का भी इस सहायता के प्राप्त कराने में पूरा-पूरा योगदान रहा है। अतः हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता सादर प्रगट करते हैं।

राजस्थान के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षाध्यक्ष महोदय श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता का भी हम आभार प्रगट करते हैं, जिन्होंने अपनी ओर से पूरी-पूरी दिलचस्पी लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया, जिससे हम इस वृहद् कार्य को सम्पन्न करने में समर्थ हो सके। संस्था उनकी सदैव ऋणी रहेगी।

इतने थोड़े समय में इतने महत्वपूर्ण ग्रन्थों का संपादन करके संस्था के प्रकाशन-कार्य में जो सराहनीय सहयोग दिया है, इसके लिये हम सभी ग्रन्थ सम्पादकों व लेखकों के अत्यन्त आभारी हैं।

अनूप संस्कृत लाइब्रेरी और अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर, स्व० पूर्णचन्द्र नाहर संग्रहालय कलकत्ता, जैन भवन संग्रह कलकत्ता, महावीर तीर्थक्षेत्र अनुसंधान समिति जयपुर, ओरियंटल इन्स्टीट्यूट बड़ोदा, भांडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना, खरतरगच्छ वृहद् ज्ञान भण्डार बीकानेर, एशियाटिक सोसाइटी बंबई, आत्माराम जैन ज्ञानभंडार बड़ोदा, मुनि पुण्यविजयजी, मुनि रमणिक विजयजी, श्री सीताराम लालस, श्री रविशंकर देराश्री, पं० हरिदत्तजी गोविंद व्यास जैसलमेर आदि अनेक संस्थाओं और व्यक्तियों से हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त होने से ही उपरोक्त ग्रंथों का संपादन सम्भव हो सका है। अतएव हम इन सबके प्रति आभार प्रदर्शन करना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं।

ऐसे प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन श्रमसाध्य है एवं पर्याप्त समय की अपेक्षा रखता है। हमने अल्प समय में ही इतने ग्रन्थ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया इसलिये त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक है। गच्छतः स्खलनंक्वपि भवत्येव प्रमादतः, हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति साधवः।

आशा है विद्वद्वृन्द हमारे इन प्रकाशनों का अवलोकन करके साहित्य का रसास्वादन करेंगे और अपने सुझावों द्वारा हमें लाभान्वित करेंगे जिससे हम अपने प्रयास को सफल मानकर कृतार्थ हो सकेंगे और पुनः मां भारती के चरण कमलों में विनम्रतापूर्वक अपनी पुष्पांजलि समर्पित करने के हेतु पुनः उपस्थित होने का साहस बटोर सकेंगे।

निवेदक
लालचन्द कोठारी
प्रधान-मन्त्री
सादूल राजस्थानी-इन्स्टीट्यूट
बीकानेर

बीकानेर,
मार्गशीर्ष शुक्ला १५
संवत् २०१७
दिसम्बर ३, १९६०

कविवर धर्मवर्द्धन की हस्तलिखित "परिभाषा"।

भूमिका

राजस्थान की साहित्य-सम्पत्ति की अभिवृद्धि एवं सुरक्षा में जैन विद्वानों का योग सदैव स्मरणीय रहेगा। जैन-विद्वानों का उद्देश्य एकमात्र जनसाधारण में सद्धर्म का प्रचार करना एवं ज्ञान की ज्योति की प्रकाशमान रखना रहा है। न उनको राजा-महाराजाओं का गुणानुवाद करना था, न हिंसामय युद्ध के लिए योद्धाओं को उत्तेजित करना था और न शृंगार रस से पूर्ण रचनाओं द्वारा जन-समाज में कामोत्तेजना फैलाना था। उनका जीवन सदा से निवृत्ति-प्रधान रहता आया है। अतः सद्धर्म-प्रचार के साथ ही साहित्य का उत्पादन एवं उन्नयन करना उनके जीवन का अंग बना हुआ दृष्टिगोचर होता है।

जैन विद्वानों ने प्रचुर साहित्य-सामग्री का निर्माण करने के साथ ही अतिमात्रा में ग्रंथों का संरक्षण भी किया है। इस कार्य में उन्होंने जैन-अजैन का विचार नहीं किया। जैन भंडारों में सभी प्रकार के महत्वपूर्ण ग्रन्थों की प्रतियां सुरक्षित की जाती रहीं हैं और उनके अपने लिखे हुए ग्रन्थ भी केवल जैन-धर्म विषयक ही नहीं हैं। उन्होंने सभी विषयों के ग्रन्थों से अपने भंडारों को परिपूर्ण करने के साथ ही स्वयं भी विविध ज्ञान-

शाखाओं अथवा साहित्यिक परम्पराओं की पूर्ति के लिए लिए ग्रन्थ रचना की है। जैन भंडारों में की गई ज्ञान साधना ने विद्यारसिकों के लिए प्रचुर साहित्य-सामग्री एकत्रित कर दी है। यह जैन विद्वानों की एकान्त तपस्या का ही फल है कि बहुसंख्यक अनमोल ग्रन्थ नष्ट होने से बच गए हैं और वे अब भी सर्वसाधारण के लिए सुलभ हैं।

राजस्थान के लब्धप्रतिष्ठ जैन विद्वानों एवं कवियों की संख्या भी काफी बड़ी है। इन विद्वानों ने अनेक भाषाओं में ग्रन्थ-रचना की है। जहां इन्होंने संस्कृत में ग्रन्थ लिखे हैं, वहां प्राकृत एवं अपभ्रंश को भी अपनी प्रतिभा की भेंट दी है। लोकभाषा की ओर तो जैन विद्वानों का ध्यान सदा से ही रहा है। यही कारण है कि राजस्थानी जैन साहित्य की विशालता आश्चर्यजनक है। प्राचीन राजस्थानी साहित्य को तो जैन विद्वानों की विशेष देन है।

राजस्थान के जैन साहित्य-तपस्वियों में उपाध्याय धर्मवर्द्धन का विशिष्ट स्थान है। ये एक साथ ही सद्धर्म-प्रचारक, समर्थ विद्वान एवं सरस कवि के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनकी अपनी रचनाएँ काफी अधिक हैं और वे संस्कृत, पिंगल एवं डिंगल आदि अनेक भाषाओं में हैं। इतना ही नहीं, इन्होंने अपनी रचनाओं में अनेक परम्पराओं का सुन्दर निर्वाह कर के अपने साहित्य को समष्टि-रूप से एक विशिष्ट वस्तु बना दिया है, जिसके विषय में आगे जरा विस्तार से चर्चा की जाएगी।

श्री अगरचंद नाहटा ने अपने 'राजस्थानी साहित्य और जैन कवि धर्मवर्द्धन' शीर्षक लेख (त्रैमासिक राजस्थान, भाद्रपद १९९३) में उपाध्याय धर्मवर्द्धन के जीवनवृत्तान्त पर अच्छा प्रकाश डाला है। तदनुसार इनका जन्म सं० १७०० में हुआ था और इनका जन्म नाम 'धरमसी' (धर्मसिंह) था। इन्होंने तत्कालीन खरतरगच्छाचार्य श्रीजिनरत्नसूरि के पास सं० १७१३ में तेरह वर्ष की अल्पायु मे ही दीक्षा ग्रहण की और इनका दीक्षा नाम 'धर्मवर्द्धन' हुआ। पद्रहवीं शताब्दी के प्रभावक खरतर गच्छाचार्य श्रीजिनभद्रसूरि की शिष्य-परम्परा के मुनि विजयहर्ष आप के विद्यागुरु थे, जिनके समीप रह कर आपने अनेक शास्त्रों का अध्ययन किया।

मुनि धर्मवर्द्धन का समस्त जीवन धर्मप्रचार एवं ग्रन्थ-रचना में ही व्यतीत हुआ। आपने अनेक प्रदेशों, नगरों एवं ग्रामों में विहार करके धर्म-प्रचार किया और प्रचुर साहित्य-रचना की। आपको अपने जीवन में बड़ा सम्मान प्राप्त हुआ। आपकी विद्वत्ता की प्रसिद्धि फैली। फलतः गच्छनायक श्रीजिनचन्द्रसूरि ने आपको सं० १७४० में उपाध्याय पद से अलंकृत किया। आगे चल कर गच्छ के तत्कालीन सभी उपाध्यायों में वयोवृद्ध एवं ज्ञानवृद्ध होने के कारण आप महोपाध्याय पद से विभूषित हुए।

लगभग ८० वर्ष की आयु में यशस्वी एवं दीर्घजीवन प्राप्त करके मुनि धर्मवर्द्धन ने इहलीला संवरण की। जयसुन्दर,

कीर्तिसुन्दर, ज्ञानवल्लभ आदि अनेक विद्वान आपके शिष्य थे। इनकी शिष्यपरम्परा १६ वीं शताब्दी तक चालू रही [१]। आपके सम्बन्ध में भोजक अमराजी का कहा हुआ एक डिंगल गीत इस प्रकार हैं :—

> खरतर श्री विजैहरष वाचक तणौ,
> ज्ञान गुण गीत सौभाग वड़ गात।
> धड़ा वांधई तिके गुणां रा धरमसी,
> पतगगइ तुं नै सहि बड़ा कवि पात ॥१॥
> ज्ञानवंत सूत्र सिधंतरी लहइ गम,
> अगम रा अरथ जिके तिके आणइ।
> महु बहोतर कला तो कनां धरमसी,
> जैन सिव धरम रा मरम जांणइ ॥ २ ॥
> व्याकरण वेद पुराण कुराण विधि
> आप मति सार अधिकार आखइ।
> ताहरी धरमसी समझि इसड़ी तरह,
> भरह पिंगल तणा भेद भाखइ ॥ ३ ॥
> राजि है श्री कमल साईज चढ़ती रती,
> जिन सासन जोइतां जती गुण जाण।
> नग अमूल धरमसी सारिखा नीपजइ,
> खरतरइ गच्छ हीरां तणी खांण ॥ ४ ॥

१ महोपाध्याय धर्मवर्द्धनजी की विस्तृत जीवनी श्री नाहटाजी के लेख में द्रष्टव्य है।

तत्कालीन बीकानेर नरेश सुजाणसिंहजी ने गच्छनायक श्रीजिनसुखसूरि को दिए गए सं० १७७९ के अपने पत्र में महोपाध्यायजी की इस प्रकार प्रशंसा की है :—

सब गुण ज्ञान विशेष बिराजै ।
कविगण ऊपरि घन ज्युं गाजै ।।
धर्मसिंह धरणीतल मांहि ।
पण्डित योग्य प्रणति दल तांहि ।।

महोपाध्याय धर्मवर्द्धन अनेक विषयों के ज्ञाता एवं बहुभाषाविद् उच्चकोटि के विद्वान थे। आपकी अनेक रचनाएं संस्कृत में हैं। साथ ही प्राकृत-अपभ्रंश आदि प्राचीन भाषाओं में भी रचना करने में आप समर्थ थे। इस सम्बंध में कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं :—

सरस्वती-वंदना (संस्कृत)

मंद्रैर्मध्यैश्च तारैः क्रमततिभिरुरः कण्ठमूर्द्धप्रचारैः,
सप्तस्वर्या प्रयुक्तैः सरगमपधनेत्याख्ययाऽन्योन्यमुक्तैः ।
स्कन्धे न्यस्य प्रवालं कल ललितकलं कच्छपीं वादयंती,
रम्यास्या सुप्रसन्ना वितरतु वितते भारती भारती मे ।।६।।
(सरस्वत्यष्टकम्)

प्राकृत

विविह सुविहि लच्छीवल्लिसंताणमेहं,
सुगुणरयणगेहं पत्तमप्पुण्णरेहं ।

दलियदुरियदाहं लद्धसंसिद्धिलाहं,
जलहिमिव अगाहं वंदिमो पासनाहं ॥ ३ ॥

अपभ्रंसिका

तुहु राउल राउलह सामि हु राउल रंकह,
हिणसु दुहाइ सुहाइ कुण सुमइ मा अवहीरह ।
पिक्खइ जगु अजग्गु ठाणु वरसंतउ कि घणु,
पत्तउ पइ जइ होसु दुहियसा तुह अवहीरणु ॥८॥
(श्रीगौडीपार्श्वनाथस्तवनम्)

राजस्थान का डिंगल साहित्य अत्यंत गौरवमय है। इसके गीत भारतीय साहित्य की विशिष्ट वस्तु हैं। गीतों की वर्णन-शैली एवं उनकी छन्द रचना अपने आप में स्वतंत्र है। डिंगल की गीत सम्पत्ति है भी अति विशाल और इसकी अभिवृद्धि में केवल चारणों ही नहीं, अन्य वर्गों एवं कवियों का भी पूरा योगदान रहा है। महोपाध्याय धर्मवर्द्धन के डिंगलगीत उनकी समस्त साहित्यसामग्री में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। उन्होंने काफी डिंगल गीत लिखे है और और उनका अर्थ-गांभीर्य विशेष रूप से ध्यान में रखने की चीज है। यहां उनके कुछ डिंगलगीत उदाहरण-स्वरूप प्रस्तुत किए जाते हैं :—

१. सूर्य स्तुति

हुदें लोक जिण रे उदैं, मुदै सहु काम हूं,
पूजनीकां सिरे देव पूजो ।

साच री बात सहु सांभलौ सेवकां,
देव को सूर सम नहीं दूजौ ॥ १ ॥
सहस किरणां धरै हरै अंधकार सही,
नमें ग्रहसमै तियां कष्ट नावै ।
प्रगट परताप परता घणा पूरतौ,
अवर कुण अमर रवि गमर आवै ॥ २ ॥
पडि रहै रात रा पखिया पंथिया,
हुवै दरसण सकौ राह हींडें ।
सोभ चढे सुरां सुरां असुरां सिहर,
मिहर री मिहर सुर कवण मीडें ॥ ३ ॥
तपे जग ऊपरा जपै सहु को तरणि,
सुभा असुभां करम धरम साखी ।
रूड़ा ग्रह हुवइ सहु रूड़ै ग्रह राजवी,
रूड़ां रजवट प्रगट रीति राखी ॥ ४ ॥

२. वर्षा वर्णन

सबल मेंगल बादल तणा सज करि,
गुहिर असमाण नीसाण गाजै ।
जंग जोरैं करण काल रिपु जीपवा,
आज कटकी करी इंद राजै ॥ १ ॥
तीख करवाल बिकराल बीजली तणी
घोर माती घटा घर र घालै ।
छोडि वासां घणी सोक छांटा तणी,

चटक माहे मिल्यौ कटक चालै ॥ २ ॥
तड़ा तड़ि तोब करि गयण तड़कै तड़ित,
महाझड़ झड़ि करि झूझ मंड्यौ ।
कड़ा किड़ि कोध करि काळ कटका कीयौ,
खिणकरै बळ खळ सबळ खंड्यौ ॥ ३ ॥
सरस वांना सगळ कीध सजळ थळ,
प्रगट पुहवी निपट प्रेम प्रघळा ।
लहकती लाछि वलि लील लोको लही,
सुध मन करै धर्मशील सगळा ॥ ४ ॥

३. श्री महावीर जन्म

सफळ थाळ वागा थिया धवळ मंगळ सयळ
तुरत त्रिभुवन हुआ हरष त्यारां ।
धनद कोठार भंडार भरिया धने,
जनमियो देव व्रधमान ज्यारां ॥ १ ॥
वार तिण मेरगिरि सिहर न्ववरावियौ
भला सुर असुरपति हुआ मेळा ।
सुद्रब वरषा हुई लोक हरष्या सहु,
वाह जिनवीर री जनम वेला ॥ २ ॥
मिहर जगि ऊगतें पूगतें मनोरथ
जुगति जाचक लहैं दान जाचा ।
मंडिया महोछव सिधारथ मौहले,
सुपन त्रिसला सुतन किया साचा ॥ ३ ॥

करण उपगार संसार तारण कलू.,
आप अवतार जगदीस आयौ ।
धनो धन जैन धर्म सीम धारणधणी,
जगतगुर भले महावीर जायौ ॥ ४ ॥

४. शत्रुञ्जय महिमा

सरब पूरब सुकृत तीये किया सफल,
लाभ सहु लाभ में अधिक लीया ।
सफल सहु तीरथां सिरे सेंत्रुज री,
यात्रा कीधी तियां धन्न जीया ॥ १ ॥
सुजस परकासता मिले संघ सासता,
शास्त्रे सासता विरुद सुणिजे ।
ऋषभ जिणराज पुंडरीक गिरि राजीयो,
भेटिया सार अवतार भणिजे ॥ २ ॥
कांकरै कांकरै कोडि कोडी किता,
साधु शुभ ध्यान इण थान सीधा ।
साच सिद्धक्षेत्र शुद्ध चेत सु ं सेवतां,
कीध दरसण नयनसफल कीधा ॥ ३ ॥
तासु दुरगति न ह्वै नरक त्रियंच री,
सुगति सुर नर लहै सुगति सारी ।
विमल आतम तिको विमलगिरि निरखसी
धनो धन श्री धर्मसील धारी ॥ ४ ॥

५. धरती की ममता

भोगवी किते भू किता भोगवसी
मांहरी मांहरी करड मरै।
रोटी तजी पातलां ऊपरि,
कूकर मिलि मिलि कलह करै ॥ १ ॥
भपटि धरणि कितेइ धुंसी,
धरि अपणाइत केट ध्रुवै।
धोवा तणी सिला परि धोबी,
हूं पति हूं पति करै हुवै ॥ २ ॥
इण इल किया किता पति आगै,
परतिख किता किता परपूठ।
वसुधा प्रगट दीसती वेश्या,
भूफै भूप भुजंग सुभूठ ॥ ३ ॥
पातल सिला वेश्या पृथ्वी,
इण न्यारां री रीत इसी।
ममता करै मरै सो मूरख,
कहै धमसी धणियाप किसी ॥ ४ ॥

६. राष्ट्रवीर शिवाजी

सकति काइ साधना किना निज भुज सकति,
वड़ा गढ़ धूणिया बीर बांकै।
अवर उमराव कुण आइ साम्हौ अड़ै,
सिवा री धाक पातिसाह सांकै ॥ १ ॥

खसर करता तिके असुर सहु खूंदिया,
जीविया तिके त्रिणौ लेहि जीहै।
सबद आवाज सिवराज री सांभलै,
बिली जिम दिली रो धणी बीहै ॥ २ ॥
सहर देखे दिली मिले पतिसाह सूं,
खलक देखत सिवौ नाम खारै।
आवियौ वले. कुसले. दले. आप रे।
हाथ घसि रह्यौ हजरत्ति हारै ॥ ३ ॥
कहर म्लेच्छां शहर डहर कंद काटिवा,
लहर दरियाव निज धरम लोचै।
हिंदुऔ राव आइ दिली लेसी हिवै,
सबल मन मांहि सुलतांण सोचै ॥ ४ ॥

उपर कविवर धर्मवर्द्धन के ६ डिंगल गीत इसलिए प्रस्तुत किए गए हैं कि इनके द्वारा विषयगत विविधता प्रकट हो सके। कविवर ने विविध विषयों में डिंगलगीत रच कर इस शैली का महत्त्व प्रकाशित किया है। डिंगलगीतों का विषय केवल युद्धवर्णन अथवा विरूदगान तक ही सीमित नहीं है। इस में देवस्तुति, प्रकृति वर्णन, निर्वेद एवं राष्ट्रीयता आदि तत्त्वों का भी सम्यक् संन्निवेश दृष्टिगोचर होता है। कविवर धर्मवर्द्धन के गीतों की डिंगल भी प्रसादगुण धारण किए हुए है। यह इनकी अपनी विशेषता है।

कविवर धर्मवर्द्धन ने अनेक गेय पदों की भी रचना की है। ये पद अधिकांश में औपदेशिक अथवा स्तवन रूप हैं

और पदों की भाषा पिंगल है। कविवर के कुछ पदों को उदाहरण-स्वरूप यहां दिया जाता है :—

१. राग तोड़ी

तुं करे गर्व सो सर्व वृथा री।
स्थिर न रहे सुर नर विद्याधर
ता पर तेरी कौन कथा री॥ १॥
कोरिक जोरि दाम किये इक ते,
जाकैं पास वि दाम न था री।
उठि चल्यो जब आप अचानक,
परिय रही सब धरिय पथा री॥ २॥
संपद आपद दुंहु सोकनि के,
फिकरी होइ फंद में फथा री।
सुधर्मशील धरे सोउ सुखिया,
मुखिया राचत मुक्ति मथारी॥ ३॥

२. राग सामेरी

मन मृग तुं तन वन में मातौ।
केलि करे चरे इच्छाचारी जाणे नहीं दिन जातो॥ १॥
माया रूप महा मृग त्रिसनां, तिण में धावे तातो।
आखर पूरी होत न इच्छा, तो भी नहीं पछतातो॥ २॥
कामणी कपट महा कुडि मंडी, खबरि करे फाल खातो।
कहे धर्मसीह उलंगीसि वाको, तेरी सफल कला तो॥ ३॥

जैन विद्वानों द्वारा लोक साहित्य का बड़ा उपकार हुआ है। जहां उन्होंने अपनी रचनाओं के लिए लोककथाओं का आधार लेकर बड़ी ही रोचक एवं शिक्षाप्रद सामग्री प्रस्तुत की है, वहां उन्होंने लोकगीतों के क्षेत्र में भी विशेष कार्य किया है। उन्होंने लोकगीतों की धुनों के आधार पर बहुत अधिक गीतों की रचना की है और साथ ही उनकी आधार-भूत धुनों के गीतों की आद्य पंक्तियां भी अपनी रचनाओं के साथ लिख दी हैं। इस प्रकार हजारों प्राचीन लोकगीतों की आद्य पंक्तियां इन धर्म प्रचारक कवियों की कृपा से सुरक्षित हो गई [२]। मुनि धर्मवर्द्धन विरचित अनेक गीत भी इसी रूप में हैं। उनके कुछ गीतों की धुनें इस प्रकार हैं :—

१. मुरली बजावै जी आवो प्यारो कान्ह।
२. आज निहेंजो दीसै नाहलो।
३. केसरियो हाली हल खड़ै हो।
४. धण रा ढोला।
५. ढाल, सुंबरदेरा गीत री।
६. ढाल, नणदल री।
७. उड रे आंबा कोइल मोरी।
८. हेम घड्यो रतने जड्यो खुंपो।
९. कपूर हुवै अति ऊजलो रे।

२. 'जैन गुर्जर कवियो' भा० ३ खं० २ में ऐसी प्राचीन 'देशियों' की अति विस्तृत सूची दी गई है, जो द्रष्टव्य है।

१०. सुगुण सनेही मेरे लाला।
११. दीवाली दिन आवीयउ।

मुनि धर्मवर्द्धन का जीवन त्यागमय था एवं जनता में सद्धर्म का प्रचार करना ही उनका मुख्य कार्य था। अतः उनकी रचनाओं में औपदेशिक एवं धार्मिक सामग्री का पाया जाना सर्वथा स्वाभाविक है। वे जैन शासन में थे। उनके हृदय में जैन तीर्थङ्करों एवं आचार्यों के प्रति अगाध भक्ति थी, जो उनकी अधिकांश रचनाओं का प्रधान विषय है। इन रचनाओं से मुनिवर के हृदय की भक्ति टपकी है। यहां कुछ उदाहरण दिए जाते हैं :—

१. संघ (छप्पय)

वंदो जिन चौवीस चवदसे बावन गणधर।
साधु अट्ठावीस लाख सहस अड़तीस सुखंकर॥
साध्वी लाख चम्माल सहस छयालिस चउसय।
श्रावक पचपन लाख सहस अड़ताल समुच्चय॥
श्राविका कोडि पंच लाख सहु, अधिक अठावीस सहस अख।
परिवार इतो संघ ने प्रगट, श्री धर्मसी कहै करहु सुख॥

२. श्री जिनदत्तसूरि (सवैया)

बावन वीर किए अपने वश, चौसट्ठि योगिनीं पाय लगाई।
डाइण साइणि, व्यंतर खेचर, भूत परेत पिसाच पुलाई।
बीज तटक्क भटक्क कट्टक, अटक्क रहै पै खटक्क न कांई।
कहै धर्मसीह लंघे कुण लीह, दीयै जिनदत्त की एक दुहाई।

३. श्री जिनचंद्रसूरि (कवित्त)

जैसे राजहंसनि सौं राजे मानसर राज,
जैसे विंध भूधर विराजै गजराज सौं।
जैसे सुर राजि सुं जु सोभ सुरराज साजै,
जैसे सिंधुराज राजै सिंधुनि के साज सौं।
जसे तार हरनि के वृन्द सौं विराजे चंद,
जैसे गिरराज राजै नंद वन गाज मौं।
जैसे धर्मशील मौं विराजै गच्छराज तैसे
राजै जिनचंदसूरि संघ के समाज मौं।

जनता में सद्धर्म का प्रचार करने का मुख्य अंग आचरण एवं व्यवहार की शुद्धि है। मुनिवर ने इन विषयों पर भी बहुत कुछ लिखा है। इसी श्रेणि में उनकी नीति-प्रधान रचनाएँ हैं। इनमें कवि के दीर्घजीवन का सार समाया हुआ है। यहां कुछ उदाहरण इस सम्बंध में प्रस्तुत किए जाते हैं :—

१. भाव

भाव संसार समुद्र की नाव है,
भाव बिना करणी सब फीकी
भाव क्रिया ही कौ राव कहावत,
भाव ही तें सब बात है नीकी।

दान करौ बहु ध्यान धरौ,
तप जप्प की खप्प करौ दिन ही की।
बात को सार यहै धर्मसी इक,
भाव बिना नहीं सिद्धि कहीं की ॥४५॥
(धर्म बावनी)

२. मधुर वचन

बहु आदर सूं बोलियै, वारु मीठा वैण।
धन विण लागां धर्मसी, सगला ही ह्वै सैण॥
सगला ही ह्वै सैण, वैण अमृत वदीजै।
आदर दीजै अधिक, कदे मनि गर्व न कीज॥
इणा बातै आपणा, सैंण हुइ सोभ वदै सहु।
मानै निसचै मीत, बोल मीठो गुण छै बहु ॥४४॥
(कुण्डलिया बावनी)

३. मोर और पंख

कहै पांखा सुणि केकि, कंत तुझ लागि केहै।
करि कु मया तु कांइ, फूस ज्युं अम्ह पां फेडै॥
सुन्दर माहरे संग, कहै सहु तोने कलाधर।
नहीं तर खुथड़ो निरखी, नेट निन्दा करसी नर॥
अम्ह घणी ठाम बीजी अवर, धरमी आदर करि धरै।
मांहरै सुगुण सोभा मुगट, श्रीपति पिण करसी सिरै ॥२२॥
(छप्पय बावनी)

४. दृष्टान्त

मोटां रे पिण कष्ट में, जतन नेह सहु जाय ।
रातें रमणी रांन में, नांखि गयौ नलराय ॥२२॥
राज लैण मांहे रहै, वडां तणी मति बक्र ।
भरतै मारण भ्रात नें, चपल चलायौ चक्र ॥२३॥
दान अदान दुहूं दिसी, अधिक भाव री ओर ।
नवल सेठ नै फल निबल, जीरण नै फल जोर ॥२४॥

(दृष्टान्त छतीसी)

५. काया

काया काचे कुंभ समान कहै ककौ ।
धांखै धेखी काल सही देसी धकौ ॥
करवत वहतां काठ ज्युं आउखो कटै ।
परिहां, न धरै तोइ धर्मसीख जीव नट ज्युं नटै ॥११॥

(परिहां बत्तीसी)

६. सीख

राजा मित्र म जाणे रंग, सुमाणस रो करिजे संग ।
काया रखत तपस्या कीजै, दान वलै धन सारु दीजै ॥१०॥
जोरावर सुं मत रमे जुऔ, करिजे मत घर मांहे कुऔ ।
वैदां सुं मत करजे वैर, गालि बोले तो ही न कहै गैर ॥११॥

(सवासौ सीख)

७. शिक्षाकथन

सुगुरु कहै सुण प्राणिया, धरिजै धर्म वट्टा ।
पूरब पुण्य प्रमाण तैं, मानव भव खट्टा ।
हिव अहिलौ हारे मतां, भांजे भव भट्टा ।
लालच में लागै रखै, करि कूड़ कपट्टा ॥२॥

उलझै नौं तु आप सुं, ज्युं जोगी जट्टा ।
पाचिस पाप संताप में, ज्युं भोभरि भट्टा ।
भमसी तुं भव नवा नवा, नाचै ज्युं नट्टा ।
ऐ मंदिर ऐ मालिया, ऐ ऊचां अट्टा ॥३॥

हयवर गयवर हींसता, गौ महिषी थट्टा ।
लाछ दु लीपी झूंबका, पल्हिंग सु घट्टा ।
मांनिक मोति मूंदड़ा, परवाल प्रगट्टा ।
आइ मिल्या है एकठा, जैसा चलवट्टा ॥४॥

(गुरु शिक्षा कथन निसाणी)

ऊपर के उदाहरणों से प्रकट होता है कि समर्थ-कवि धर्मवर्द्धन ने राजस्थान में प्रचलित प्रायः सभी काव्य शैलियों को अपनाया है और इस प्रकार की अपनी रचनाओं में वे पूरे सफल हुए हैं। राजस्थानी साहित्य में काव्यगत नामों के अनेक प्रकार हैं और उन सब में रचना शैली की दृष्टि से अपनी अपनी विशेषताएँ हैं। मुनि धर्मवर्द्धन ने उन सब को अपनी वाणी का सुफल भेंट किया है। ऊपर के उदाहरणों के अतिरिक्त अन्य काव्यशैलियों से सम्बंधित कवि की 'नेमि

'राजमती बारहमासा', 'श्री गौड़ी पार्श्वनाथ छन्द', 'शील रास' 'श्रीमती चौढालिया' एवं 'श्री दशार्णभद्र राजर्षि चौपई' आदि रचनाओं के नाम लिए जा सकते हैं। इतनी अधिक काव्यशैलियों में सफल रचनाएं प्रस्तुत करना कवि की सामर्थ्यका द्योतक है। राजस्थान के कवियों में मुनि धर्मवर्द्धन की यह विशेषता वस्तुतः ही अत्यंत गौरव का विषय है।

पुराने कवियों में चित्रकाव्य की रचना करने का चाव रहा है। कविवर धर्मवर्द्धन ने भी इस प्रकार की रचनाएँ की हैं। कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं:—

साधु स्तुति (सर्व लघु अक्षर)

धरत धरम मग, हरत दुरित रग,
करत सुकृत मति हरत भरम सी।
गहत अमल गुन, दहत मदन वन,
रहत नगन तन सहत गरम सी।
कहत कथन सत, वहत अमल मन,
तहत करन गण महति परम सी।
रमत अमित हित सुमति जुगत जति,
चरन कमल नित नमत धरमसी।

देव गुरु वंदना (इकतीसा, तेवीसा सवैया)[1]

शोभ(त) घणी(जु) अति देह(की) वणी(है) दुति,
सूरि(ज) समा(न) जसु तेज(मा) वदा(य) जू।

---

१. इस पद्य के कोष्ठक वाले अक्षरो को छोड़ कर पढ़ने से यह 'तेवीसा' सवैया बन जाता है।

भूप)ति) नमै(है) नित नाम(कौ) प्रता(प) पहु,
देख(त) ताही(ही) दुख नाहि(है) कदा(य) जू।
पूर(ण) बडे(ई) गुण सेव(के) करैं(थैं) सुख,
वंद(त) तही(ही) बहु लोक (स)मुदा(य) जू।
देत(है) बहू(त) सुख देव (सु)गुरु(हि) नित,
दोऊ(कौ) नमै(है) ध्रमसीह(यौ) सदा(य) जू।

साथ ही एक हीयाली भी उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत की जाती है :—

हीयाली

चतुर कहो तुम्है चुंप सुं, अरथ हीयाली एहो रे।
नारी एक प्रसिद्ध छै, सगला पास सनेहो रे ॥१॥
ओलें बैठा एकली, करै सगला ई कामो रे।
राती रस भीनी रहे, छोडै नहीं निज ठामो रे ॥२॥
चाकर चौकीदार ज्युं, बहुला राखै पासो रे।
काम करावै ते कन्हा, विलसै आप विलासो रे ॥३॥
जोड़े प्रीति जणै जणै, त्रोड़े पिण तिण वारो रे।
करिज्यो वस धर्मसी कहै, सुख वांछो जो सारो रे ॥४॥

(जीभ)

इसी प्रकार कवि समाज में 'समस्यापूर्त्ति' का भी विशेष प्रचलन रहा है। काव्यविनोद करने का यह एक सुन्दर तरीका है। समस्या की पूर्त्ति के लिए प्रसंगोद्भावना करनी पड़ती है। इसमें प्रखर कल्पना-शक्ति की आवश्यकता है।

कविवर धर्मवर्द्धन ने अनेक समस्याओं की सुन्दर एवं रोचक रूप में पूर्ति की है। उनमें से कई तो संस्कृत में हैं। आगे कुछ उदाहरण इस दिशा में प्रस्तुत किए जाते हैं, जो अतीव सरस एवं रोचक हैं :—

१. समस्या, भावी न टरे रे भैया, भावे कछु कर रे †।

श्रवण भरै तो नीर, मार्यो दशरथ तीर,
ऐसी होनहार कौण मेटि सके पर रे।
पांडव गये राज हार, कौरव भयौ संहार,
द्रौपदी कुदृष्टि मार्यो कीचक किचर रे।
केती धर्मसीख दइ, सीत विष वेलि वइ,
रावन न मानि लइ जावन कुं घर रे।
भावी को करनहार, सो भी भम्यौ दश वार,
भावी न टरत भैया, भावै कछु कर रे।

२. समस्या, नीली हरी विचि लाल ममोला।

एक समै वृषभान कुमारि,
सिंगार सजै मनि आनिइ लोला।
रंग हर्ये सब वेस बणाइ कै,
अंग लुकाइ लए तिहि ओला।
आए अचाण तहां घनश्याम,
लगाइ झरी करै केलि कलोला।
घुंघट में ए कर्यो अधरामनु,
नील हरी विचि लाल ममोला।

---

†. यह आणंदरामजो नाजर द्वारा दी हुई समस्या की पूर्ति है। ये उस समय बीकानेर के राज्यमंत्री थे।

३. समस्या, टेरण के मिस हेरण लागी ।

चुंप सुं च्यार सखी मिलि चौक में,

गीत विवाह के गावन लागी ।

गौख तैं कान्ह कौ साद सुणे तैं,

भइ वृषभान सुता चित रागी ।

जाइ नहीं चितयौ उत ओर,

सखीनि के बीचि में बैठि सभागी ।

उतैं कर कौ मुकराज उड़ाइ कै,

टेरण के मिसि हेरण लागी ॥

४. समस्या, हरिसिद्धि हसे हरि यों न हसे ।

हनुमान हरौल कियैं चढै राम

तर्यो निधि संनिधि लंक ध्वसे ।

करि रौद्र संग्राम लंकेश कुं मारि,

कियौ सुखवास की नास नसे ॥

शिव चित्यो त्रिलोक कौ कंटक सोऊ,

नमावतौ मो पद सीस दसे ।

उत दैत्य हसे उत देव हसे,

हरिसिद्धि हसे हर यौं न हसे ।

इसी प्रसंग में 'कहावत' के साथ समाप्त होने वाले कविवर के अनेक पद्यों में से उदाहरण स्वरूप यहां एक पद्य प्रस्तुत किया जाता है :—

फूल अमूल दुराइ चुराइ,
लीए तौ सुगंध लुके न रहैंगे।
जो कछु आथि कै साथ सु हाथ है,
ता तिन कुं सब ही सलहैंगे।
जो कछु आपन में गुन है,
जन चातुर आतुर होइ चहैंगे।
काहे कहो धर्मसी अपने गुण,
बूठे की बात बटाऊ कहैंगे।

महोपाध्याय धर्मवर्द्धन संस्कृत के विद्वान थे। उन्होंने संस्कृत के सुभाषित श्लोकों को अनूदित करके भी अपनी रचनाओंमें यत्रतत्र स्थान दिया है। इस विषयमें उदाहरण देखिए :—

रीस भयो कौइ रांक, वस्त्र विण चलीयौ बाटै।
तपियो अति तावड़ौ, टालतां मुसकल टाटै।
बील रुंख तलि बेसि, टालणो मांड्यो तड़कौ।
तरु हुंती फल त्रूटि, पड़यो सिर माहे पड़कौ।

आपदा साथि आगै लगी, जायै निरभागी जठे।
कर्मगति देख धर्मसी कहै, कहौ नाठो छुटै कठे ।।१३।।
(छप्पय बावनी)

खल्वाटो दिवसेश्वरस्य किरणैः सन्तापिते मस्तके,
गच्छन् देशमनातपं द्रुतगतिस्तालस्य मूलं गतः।
तत्राप्यस्य महाफलेन पतता भग्नं सशब्दं शिरः,
प्रायो गच्छति यत्र दैवहतकस्तत्रैव यान्त्यापदः ।।
(नीतिशतकम्-९९)

पंकज मांझि दुरेफ रहै, जु गहै मकरंद चितै चित ऐसौ।
जाइ राति जु ह्वै हैं परभात, भयैं रवि दोत हसै कंज जैसो।
जाउंगो मैं तब ही गज नै जु, मृनाल मरोरि लयौ मुहि तैसो।
युं धर्मसीह रहै जोउ लोभित, ह्वै तिन की परि ताहिं अंदेसो।
(धर्म बावनी—४२)

रात्रिर्गमिष्यति भविष्यति सुप्रभातं
भास्वानुदेष्यति हसिष्यति पङ्कजश्रीः।
इत्थं विचिन्तयति कोशगते द्विरेफे
हा मूलतः कमलिनीं गज उज्जहार ।।

इस प्रकार महोपाध्याय धर्मवर्द्धन के काव्य की विविधता पर विचार करने से वे एक समर्थ एवं सरस कवि के रूप में मूर्तिमान होते हैं। उनकी रचनाएं उनके जीवन के अनुरूप हैं और साथ ही रोचक तथा शिक्षाप्रद भी कम नहीं

है। उनके काव्य के सम्बंध में उन्हीं के शब्दों में इस प्रकार यथार्थ ही कहा जा सकता है :—

एक एक तैं विसेप पंडित बसैं असेष,
रात दिन ज्ञान की ही वात कुं धरतु है।
वैदक गणक ग्रन्थ जानैं ग्रह गणन पंथ,
और ठौर के प्रवीण पाइनि परतु है।
करत कवित सार काव्य की कला अपार,
श्लोक सब लोकनि के मन कुं हरतु है।
कहै ध्रमसीह भैया पंडिताई कहुं कैसी,
दोहरा हमारे देस छोहरा करतु है।

हिंदी विभाग,
आर. एन. रुइया कालेज,
रामगढ़, शेखावाटी
दि० २६-१०-६१

मनोहर शर्मा

महोपाध्याय धर्मवर्द्धन

राजस्थानी-साहित्य की जैन विद्वानों ने बहुत बड़ी सेवा की है। १३वीं शताब्दी से अब तक सैंकड़ों जैन कवि हो गये हैं जिनकी रचनाओं का प्रमाण कई लाख श्लोकों का है। गद्य और पद्य दोनों प्रकार का विविध विषयक राजस्थानी साहित्य जैन विद्वानों के रचित है। जैन विद्वानों में प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, हिन्दी, सभी भाषाओं के विद्वान हो गये हैं। इनमें से कुछ विद्वानों ने इन सभी भाषाओं में रचनाएं की हैं कुछने केवल राजस्थानी में ही और कुछ ने राजस्थानी, हिन्दी, गुजराती भाषा में ही अपनी सारी रचनाएं की है। यहां उनमें से एक ऐसे कवि और उनकी रचनाओं का परिचय दिया जा रहा है जिन्होंने विशेषतः संस्कृत, राजस्थानी,हिन्दी इन भाषाओं में रचनाएं की हैं। वैसे उनके रचित षट-भाषामय स्तोत्र और सिन्धी भाषा के दो स्तवन भी प्राप्त हैं। अपने समय के वे महान् विद्वानों में से थे। अपने गच्छ में ही नहीं राज-दरबारों में भी इन्हें अच्छा सन्मान प्राप्त था। उन कविश्री का नाम है 'धर्मवर्द्धन'।

जन्म

कविवर धर्मवर्द्धन का मूल नाम धर्मसी था जो उनकी कई रचनाओं में भी प्रयुक्त है। जैनमुनि-दीक्षा के

अनंतर उनका नाम धर्मवर्द्धन रखा गया था। कवि के जन्मस्थान, तिथि, वंश, माता-पिता, आदि के संबंध में विशेष जानकारी तो प्राप्त नहीं होती पर हमारे संग्रह के एक पत्र में पं० धर्मसी के परिवार की विगत लिखा है उसमें उनका गोत्र ओसवाल-वंशीय—आंचलिया लिखा है। यद्यपि पं० धर्मसी नामक और भी कई यति-मुनि हो गये हैं, इसलिए उस पत्र में उल्लिखित धर्मसी आप ही हैं या अन्य कोई, यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता। आपकी भाषा राजस्थानी प्रधान है और दीक्षा भी मारवाड़ राज्यान्तर्गत साचोर में हुई थी, इसलिए आपका जन्मस्थान राजस्थान और विशेषतः मारवाड़ का ही कोई ग्राम होना चाहिये। धर्मसी या धर्मसिंह नामकरण उनके उच्चकुल का द्योतक है। उस समय ओसवाल जाति आदि में ऐसे और भी कई व्यक्तियों के नाम पाये जाते हैं। आपके जन्म की निश्चित तिथि तो ज्ञात नहीं हो सकी पर आपकी सर्व प्रथम रचना 'श्रेणिक चौपाई' संवत १७१९ चंदरीपुर † में रची गई थी और उसकी प्रशस्ति में आपने अपने को १९ वर्ष का बतलाया है। इससे आपका जन्म संवत् १७०० में हुआ प्रतीत होता है। यथा—

लघुवय में उगणीसवे वर्षे, कीधी जोड़ कहावे
आयो सरस वचन को इण में, सो सतगुरु सुपसाय रे ॥७॥

---

† सतरसे उगणी से वरसे 'चंदेरीपुर चावै।'

जैन मुनि-दीक्षा

आपकी रचनाओं में संवतोल्लेख वाली 'श्रेणिक चौपाई' संवत् १७१६ में रचित होने से आपकी शिक्षा दीक्षा लघुवय में ही हो चुकी थी; निश्चित होता है। खरतर गच्छ के आचार्य जिनरत्नसूरिजी के पट्टधर जिनचन्द्रसूरिजी ने जिन जिन मुनियों को दीक्षा दी थी, उस दीक्षा नंदी की नामावली के अनुसार आपकी दीक्षा संवत् १७१३ चैत्र बदी ६ साचोर में जिनचन्द्रसूरिजी के हाथ से हुई थी। उस समय आपका नाम परिवर्तन करके धर्मवर्द्धन रखा गया था और विजयहर्ष जी का शिष्य बनाया गया था।

गुरु-परम्परा

आपने अपनी रचनाओं की प्रशस्ति में जो गुरु-परम्परा के नाम दिये हैं, उसके अनुसार आप जिनभद्रसूरि शाखा के उपाध्याय साधुकीर्ति के शिष्य साधुसुन्दर शिष्य वाचक विमलकीर्ति के शिष्य विमलचन्द्र के शिष्य विजयहर्ष के शिष्य थे। यथा—

गरवो श्री खरतर गच्छ गाजे, श्री जिनचन्द्रसूरि राजे जी।
साखा जिनभद्रसूरि सहाजे, दौलति चढ़ी दिवाजे जी।
पाठक प्रवर प्रगट पुन्यायी, साधुकीरति सवाई जी।
साधुसुन्दर उवझाय सदाइ, विद्या जस वसाई जी।
वाचक विमलकीरति मतिमंता, विमलचन्द्र दुतिवंता जी।

विजयहर्ष जसु नाम बधंतां, विजयहर्ष गुण-व्यापी जी।
सद्गुरु वचन तणे अनुसारी, धर्म सीख मुनि धारी जी।
कहे धर्मवर्द्धन सुखकारी, चउपइ ए सुविचारी जी।

(अमरसेन वयरसेन चौपाई, संवत् १७२४, सरसा)

इस प्रशस्ति में उल्लिखित जिनचन्द्रसूरि तो आपके दीक्षा-गुरू थे और उस समय के गच्छनायक थे। जिनभद्रसूरि सुप्रसिद्ध जैसलमेर ज्ञानभंडार आदि के स्थापक हैं जिन्हें संवत् १४७५ में आचार्य पद प्राप्त हुआ था और १५१४ में जिनका स्वर्गवास हुआ। उनकी परम्परा के उपाध्याय साधुकीर्ति से धर्मवर्द्धनजी ने अपनी परम्परा जोड़ी है। साधुकीर्ति का समय संवत् १६११से १६४२ तक का है। ये बहुत अच्छे विद्वान थे। हमारे सम्पादित "ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह" में आपके जीवन से संबंधित ६ रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। उनके अनुसार "ओशवाल वंशीय सचिंती गोत्र के शाह वस्तिग की पत्नी खेमलदे के आप पुत्र और दयाकलशजी के शिष्य अमरमाणिक्यजी के सुशिष्य थे। आप प्रकाण्ड विद्वान थे। संवत् १६२५ मि० व० १२ आगरे में अकबरकी सभा में तपागच्छीय बुद्धिसागरजी को पोषह की चर्चा में निरुत्तर किया था और विद्वानों ने आपकी बड़ी प्रशंसा की थी, संस्कृत में आपका भाषण बड़ा मनोहर होता था।

संवत १६३२ माधव (वैशाख) शुक्ला १५ को जिनचंद्रसूरिजी ने आपको उपाध्याय पद प्रदान किया था और अनेक स्थानों में विहार कर अनेक भव्यात्माओं को आपने सन्मार्ग-गामी बनाया था।

सवन् १६४६ में आपका शुभागमन जालोर हुआ, वहां माह कृष्ण-पक्ष में आयुष्य की अल्पता को ज्ञात कर अनशन उच्चारणपूर्वक आराधनाकी और चतुर्दशी को स्वर्ग सिधारे। आपके पुनीत गुणों की स्मृति में वहां स्तूप निर्माण कराया गया, उसे अनेकानेक जन समुदाय वन्दन करता है। साधु-कीर्तिजी अमरमाणिक्य के शिष्य थे, जिनका समय संवन् १६०० के करीब का है अतः जिनभद्रसूरि और अमर--माणिक्यजी के बीच की परम्परा में तीन-चार नाम और होने चाहिये। साधुकीर्ति के आषाढ़भूति प्रबंध के अनुसार वा० मतिवर्द्धन शिष्य मेरुतिलक शिष्य दयाकलश के शिष्य अमरमाणिक्य थे। पर साधुकीर्तिजी बहुत प्रसिद्ध विद्वान हुए इसलिए धर्मवर्द्धनजी ने अपनी गुरु परम्परा के वे बीच के नाम नहीं देकर साधुकीर्तिजी से ही अपनी परम्परा मिला दी है। साधुकीर्तिजी की संस्कृत और राजस्थानी की कई रचनाएं मिलती हैं, उनमें से प्रधान रचनाओं की नामावली नीचे दी जा रही है।

(१) सप्तस्मरण बालावबोध-संवन् १६११ दीवाली, बीकानेर के मंत्री संग्रामसिंह के आग्रह से रचित।

(२) सतरेभेदी पूजा—सं० १६१८ श्रावणसुदि ५ पाटण ।

(३) संघपट्टकवृत्ति—सं० १६१६ ।

(४) कायस्थिति बालावबोध सं० १६२३ महिम ।

(५) आषाढ़भूति प्रबंध—संवत् १६२४ विजयादशमी, दिल्ली, श्रीमाल वंश पापड़ गोत्र साह तेजपाल कारित ।

(६) मौन एकादशी स्तवन—संवत् १६३५ जेठसुदी ३, अलवर ।

(७) नमि-राजर्षि चौपाई—संवत् १६३६ माघ सुदी ५, नागौर ।

(८) शीतल जिन स्तवन—संवत् १६३८, अमरसर ।

(९) भक्तामर स्तोत्रावचूरि ।

(१०) दोषावहार बालावबोध ।

(११) विशेष नाममाला ।

(१२) सव्वत्थ वेलि ।

(१३) षट् कर्मग्रन्थ टब्बा ।

(१४) गुणस्थान विचार चौपई ।

(१५) स्थूलिभद्र रास ।

(१६) अल्पाबहुत्त्व स्तवन आदि ।

साधुकीर्तिजीके गुरुभ्राता वाचक कनकसोम भी अच्छे विद्वान थे, जिनकी संवत १६५५ तक की २१ रचनाएं प्राप्त हुई हैं । राजस्थानी भाषा के आप सुकवि थे ।

साधुकीर्तिजी के शिष्य साधुसुन्दर भी बहुत अच्छे व्याकरणी थे। उनके रचित धातुरत्नाकर, क्रियाकल्पलता टीका (सं० १६८०, दीवाली) उक्तिरत्नाकर, और पार्श्व स्तुति (सं १६८३), शंतिनाथ स्तुति वृत्ति प्राप्त हैं। साधु-सुन्दर के शिष्य उदयकीर्ति रचित पदव्यवस्था टीका (सं १६८१) और पंचमी स्तोत्र उपलब्ध हैं।

साधुकीर्तिजी के अन्य शिष्य विमलतिलक के शिष्य विमलकीर्ति भी अच्छे विद्वान् थे। उनके रचित चन्द्रदूत काव्य (सं० १६८१), आवश्यक बालावबोध, जीवविचार बा०, जयतिहुअण बा०, पक्खीसूत्र बा०, दशवैकालिक बा०, प्रतिक्रमण समाचारी टब्बा, गणधर सार्द्धशतक टब्बा, षष्टि-शतक बा०, उपदेशमाला बा०, ईकीसठाणा टब्बा, एवं यशोधर रास, कल्पसूत्र समाचारी वृत्ति, और कई स्तवन, सज्झाय आदि प्राप्त हैं। इनके सतीर्थ्य विजयकीर्ति के शिष्य विमलरत्न रचित वीरचरित्र बालावबोध (संवत् १७०२ पोष सुदी १० साचोर) प्राप्त है। इन्हीं विमलकीर्ति के शिष्य विजयहर्ष हुए और उनके शिष्य धर्मवर्द्धन। विमलरत्न रचित विमलकीर्ति गुरू गीत के अनुसार विमलकीर्ति हुँबड़ गोत्रिय श्रीचन्द शाह की धर्मपत्नी गवरा की कुक्षि से जन्मे थे। संवत् १६५४ माघ सुदी ७ को उपाध्याय साधुसुन्दरजी ने आपको दीक्षित किया। गच्छनायक श्रीजिनराजसूरि ने इन्हें वाचक-पद प्रदान किया। संवत् १६९२ में आपने

मुलतान में चौमासा किया और सिन्धु देशके किरहोर नगर में अनसन आराधनापूर्वक स्वर्ग सिधारे।

इस प्रकार हम देखते है कि कविवर धर्मवर्द्धनजी की गुरुपरम्परा में कई विद्वान् हो गये हैं और उस विद्वत् परम्परा में आपकी शिक्षा-दीक्षा होने से आपकी प्रतिभा भी चमक उठी और १६ वर्ष जैसी छोटी आयु में श्रेणिक रास की रचना करके आपने अपनी काव्य-प्रतिभा का परिचय दिया।

धर्मवर्द्धनजी ने १३ वर्ष की अल्पायु में ही जैन-दीक्षा ले ली थी इसलिए घर में रहते हुए तो साधारण अध्ययन ही हुआ होगा। दीक्षान्तर अपने गुरू श्रीविजयहर्षजी के पास थोड़े ही वर्षों में आपने व्याकरण, काव्य, न्याय, जैनागम, आदि में प्रवीणता प्राप्त करली। फिर अनेक ग्राम नगरों में विहार करके धर्म-प्रचार के साथ साथ अनुभव को बढ़ाया। आपका विहार बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, चन्देरी, सरसा, देरावर, रिणी, लौद्रवा, बाड़मेर, सूरत, पाटण, खम्भात, अंजार, बेनातट, नवहर, फलौदी, मेड़ता, पाली, सोजत, उदयपुर, रतलाम, साचोर, राद्रह, पाटोदी, गारबदेसर, देशनोक, अहमदाबाद, पालीताणा, आदि अनेक ग्राम-नगरों में हुआ। शत्रुंजय, आबू, केसरियाजी, लौद्रवा जैसलमेर, संखेश्वर, गोड़ी-पार्श्वनाथ आदि अनेक जैन तीर्थों की आपने यात्रा की।

आपकी विद्वता की धवलकीर्ति कर्पूर के सुवास की भांति शीघ्र ही चारों ओर फैल गई। फलतः गच्छनायक जिनचन्द्र-सूरिजी ने सं० १७४० में इन्हें उपाध्याय पद से अलंकृत किया और अपने पास में ही इन्हें, रखा। जिनचन्द्रसूरिजी के स्वर्गवास के बाद जिनसुखसूरि गच्छनायक हुए उन्हें आपने विद्याध्ययन भी करवाया था और उनके साथ ही जब तक वे विद्यमान रहे, आप विहार करते रहे। सं० १७७६ में जिनसुखसूरिजी का स्वर्गवास रिणी में हुआ, उनके पट्टधर जिनभक्तिसूरि हुए। उन्हें भी विद्याध्ययन आपने करवाया था। उस समय जिनभक्तिसूरिजी केवल १० वर्ष के ही थे इसलिए गच्छ व्यवस्था भी विशेषतः आपकी देख रेख में, होती रही।

राज्य सम्मान

जैन आचार्यों और विद्वान् मुनियों का तत्कालीन राजाओं, मंत्रियों आदि पर विशेष प्रभाव रहा है। बीकानेर के महाराजा अनूपसिंह, सुजानसिंह, जैसलमेर के रावल अमरसिंह, जोधपुरनरेश जसवंतसिंह, सुप्रसिद्ध दुर्गादास राठोड़ और वीर शिवाजी संबंधी आपके पद्य भी मिले हैं। बीकानेर के महाराजा सुजानसिंहजी ने संवत् १७७५ के माघ सुदी में खरतर गच्छ के आचार्य जिनसुखसूरिजी को पत्र दिया था जो हमारे संग्रह में है. उसमें धर्मसिंहजी की प्रशंसा करते हुए इस प्रकार लिखा है :—

स्मारक स्तंभ, लेख रेलदादाजी, बीकानेर

संघ गुण ज्ञान विशेष विराजै, कविगण उपरि घन ज्यूं गाजै।
धर्मसिंह धरणीतल मांहि, पंडित योग्य प्रणती दल तांहि॥

बीकानेर के तत्कालीन मंत्री नाजर आणंदराम जो कि स्वयं अच्छे कवि और विद्वान थे, आपके प्रति बड़ी श्रद्धा रखते थे। कविवर ने उनकी प्रशंसा में एक सवैया भी रचा है और उनकी दी हुई कि समस्या की पूर्ति भी की है। वह सवैया और समस्यापूर्ति भी इसी ग्रन्थ में आगे छपी है। नाजर आणंदराम रचित 'भगवन् गीता भाषा', गीता महात्म्य' "अज्ञानबोधिनी भाषा-टीका' आदि ग्रन्थ उपलब्ध हैं।

स्वर्गवास :—

सम्वत् १७७६ में जिनसुखसुरिजी का स्वर्गवास और जिनभक्तिसूरिजी की पदस्थापना रिणी में हुई उस समय तो महोपाध्याय धर्मवर्द्धनजी वहीं थे। उसके बाद सम्भवतः बीकानेर पधारे और सम्वत् १७८३–८४ में आपका स्वर्गवास बीकानेर में हुआ। बीकानेर के रेलदादाजी (गुरू-मन्दिर) में एक छतड़ी बनी हुई है, जिसके अनुसार सं० १७८४ के वैशाख वदि १३ महोपाध्याय धर्म-वर्द्धन (धर्मसीजी) की इस छत्री का निर्माण उनके प्रशिष्य शांतिसोम ने करवाया था। छतड़ी के स्तम्भों पर निम्नोक्त दो लेख उत्कीर्णित हैं।

[१] १७८४ वर्षे वैशाख वदि १३ दिने महोपाध्याय श्री धरमसीजी री छतड़ी पं०शांतिसोमेन कारापिता छत्री छःथंभी

सदा २७ लाग। पाखाण इलाख श्री कु सिरपाव दीना वि ञणाने।

[२] सं० १७८४ वर्षे मि० वैशाख बदि १३ दिने महो-पाध्याय श्री धर्मवर्द्धनजी री छतड़ी कारापिता शिष्य पं० साम...

शिष्य-परम्परा

कविवर धर्मवर्द्धन के गुरुभ्राता विजयवर्द्धन थे, जिनके रचित कई स्तवन उपलब्ध हैं। आप अधिकांश अपने गुरु विजयहर्षजी के साथ रहा करते थे। इनके शिष्य ज्ञानतिलक व्याकरण और काव्य शास्त्र के अच्छे ज्ञाता थे। इनके रचित 'सिद्धान्तचन्द्रिका वृत्ति' 'संस्कृत विज्ञप्ति लेखद्वय' और कई अष्टक आदि प्राप्त हैं। इनमें १०८ श्लोक का एक 'विज्ञप्ति लेख' मुनि जिनविजयजी सम्पादित 'विज्ञप्ति लेख संग्रह' में हमने प्रकाशित करवाया है। इसमें धर्मवर्द्धनजी सम्बन्धी निम्नोक्त श्लोक उल्लेखनीय है।

पठिता सद्विद्यानां सन्निधिरिव सन्निधौ मुनीशानाम्।
श्री धर्मवर्द्धनगणिः सत्कविरिव भासते स्वभाषा च ॥३४

अलालाटिका धाटिका पण्डितानां,
निराकारव श्चारवो ऽमीरवश्च।
धियो गर्द्ध ना धर्मतो वर्द्ध नाद्या,
विभान्तूपकण्ठे सतां पाठका हि ॥१०१॥

धर्मवर्द्धनजी का स्मारक स्तूप, रेलदादाजी, बीकानेर

भवत्पूर्वजैर्गन्धहस्तित्व मुक्तं,
तदेव क्रमादागतं पूर्वजेषु ।
सदा भावयन्तोऽधुनाविःसभावं,
भवत्सनिधि प्राप्त शोभाविशेषात् ॥१०२॥

पाठकाः सकलशास्त्र पाठकाः शब्दशास्त्रमुरूमध्य जीगपन् ।
ज्ञानतस्तिलकनामकं यकं पाणिनीय मत दर्पणार्पणम् ॥१०३॥

धर्मवर्द्धन के शिष्य कान्हजी जिनका दीक्षानाम कीर्ति-सुन्दर था। वह भी अच्छे कवि थे। इनके रचित निम्नोक्त ६ ग्रन्थ प्राप्त हैं।

[१] अवन्तिसुकमाल चौढालिया—सं० १७५७, मेड़ता।
[२] मांकण रास सं० १७५७, मेड़ता।
[३] अभयकुमारादि पांच साधु रास—सं० १७५६, जयतारण।
[४] ज्ञान छत्तीसी—सं० १७५६ श्रावण २, जयतारण।
[५] कौतुक बत्तीसी—सं० १७६१ आषाढ।
[६] कल्पसूत्र-कल्पसुबोधिका वृत्ति—सं० १७६१ अक्षय-तृतीया (पत्र १६४ यति बालचन्दजी संग्रह-चित्तोड़।
[७] चौबोली चौपाई—सं० १७६२, थानलेनगर।

१ इनका मूल नाम नाथा था, जैन दीक्षा सं० १७२६ वैशाख वदी ११ को हुई।

[८] वाग्विलास कथा संग्रह।

[९] फलौदी पार्श्वनाथ छंद—गाथा १२१।

इनमें से मांकण रास 'मरु भारती' में और वाग्विलास कथा संग्रह 'वरदा' में प्रकाशित किया जा चुका है।

कीर्तिसुन्दर के अतिरिक्त धर्मवर्द्धनजी के जयसुन्दर ज्ञानवल्लभ (गङ्गाराम) आदि और भी कई शिष्य थे। कीर्तिसुन्दर के शिष्य शान्तिसोम और सभारत्न की लिखी हुई कई प्रतियां बीकानेर बृहद्ज्ञानभंडार में हैं। १९ वीं शताब्दी तक धर्मवर्द्धनजी की शिष्य-परम्परा विद्यमान थी।

कविवर के प्रकाशित ग्रन्थ

प्रस्तुत ग्रन्थ में आपकी जितनी भी लघु रचनाए संस्कृत, राजस्थानी हिन्दी में प्राप्त हुईं, उन्हें प्रकाशित किया जा रहा है। उनकी नामावली अनुक्रमणिका में दी हुई है इसलिए यहां उसका उल्लेख नहीं किया जा रहा है। यहां केवल उन्हीं रचनाओं का परिचय दिया जा रहा है, जो इस ग्रन्थ के बड़े हो जाने के कारण इसमें सम्मिलित नहीं की जा सकी।

(१) श्रेणिक चौपई

राजगृह के महाराजा श्रेणिक जो भगवान् महावीर के भक्त थे, उनका चरित्र इस ग्रन्थ में दिया गया है। कथा प्रसंग बड़ा रोचक है साथ ही बुद्धिवर्द्धक भी। कवि ने ३२ ढाल

और ७३१ गाथाओं में इसे सं० १७१६ चंदेरीपुर में बनाया। जैसा कि पहले कहा जा चुका है यह कवि की सर्व प्रथम रचना है, जो केवल १६ वर्ष की आयु में बनाई गई थी। इसकी प्रतियाँ बीकानेर के जिनचारित्रसूरि एवं उपाध्याय जयचंदजी आदि के संग्रह में है।

(२) अमरसेन वयरसेन चौपई

सं० १७२४, सरसा में इस राजस्थानी चरित्र काव्य की रचना हुई है। इसकी कई प्रतियां बीकानेर के ज्ञानभण्डारों में है।

(३) सुरसुन्दरी रास

कवि ने इस रास में नवकार मंत्र और शील के महात्म्य संबन्धी अमरकुमार सुरसुन्दरी की कथा चार-खण्डों में गुंफित की है। प्रथम खण्ड में आठ, द्वितीय में ग्यारह तृतीय में आठ, चतुर्थ में बारह ढ़ालें हैं। कुल ६३२ गाथाएं हैं। श्लोक संख्या ९०० है। अन्य प्रति में गाथाओं की संख्या ६१६ भी बतलाई गई है। इस कथा का मूल आधार 'शीलतरंगिणी' नामक ग्रन्थ का कवि ने उल्लेख किया है। सं० १७३६ श्रावण सुदी १५ बेनातटपुर (बिलाड़ा) में इसकी रचना हुई है।

[४] परमात्म-प्रकाश हिन्दी टीका

खण्डेलवाल रेखजी के पुत्र जीवराजके पुत्रके लिये दिगम्बर

